UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

पत्रांकः–2815 /व्यवस्था कार्य/2024–25, दिनांकः–20 सितम्बर, 2024

कोटेशन दरें लेने हेतु

कार्यालय सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग कार्यालय के परीक्षा भवन की बायीं ओर की छत पर वाटरप्रूफिंग का कार्य कराया जाना है, जिसका एरिया लगभग 9685 वर्गफीट है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

1. छत की अच्छी प्रकार से सफाई कर दरारों का उपचार किया जाना है। दरारों और दोषपूर्ण निर्माण जोड़ों को क्रैक सील करने के लिए 25X25 मिमी आकार के यू–आकार के खांचे को बाहर निकालें/बनाएँ और क्रिस्टलीय घोल से प्राइमर करें और जब सतह चिपचिपी हो जाए तो खांचे को सतह तक 1.50 किग्रा/रनिंग मीटर की दर से क्रिस्टलीय मोर्टार से भरें। एक बार जब क्रिस्टलीय मोर्टार (सीमेन्ट–बजरी–रेत) सूख जाए तो 0.05 किग्रा/रनिंग मीटर प्रति कोट दो बार क्रिस्टलीय कोट लगाएँ।
2. जलरोधक उपचार (प्राइमर), एसबीआर पॉलिमर (@ सीमेंट भार का 10%) संशोधित सीमेंटयुक्त बॉन्ड कोट @ 2.2 किग्रा सीमेंट प्रति वर्गमीटर सतह क्षेत्र में अनुमोदित पॉलिमर के निर्दिष्ट अनुपात के साथ मिलाया जाता है।
3. एशियन डैम्प प्रूफ प्राइमर के ऊपर विलायक आधारित पी.यू. के 2 कोट लगाना और प्रदान करना, एक कोट क्षैतिज रूप से और दूसरा कोट लंबवत रूप से।

जिस हेतु निर्माणाधीन एजेन्सियों में पंजीकृत स्थानीय ठेकेदारों से मोहर बंद दरें रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट व आयोग काउण्टर पर दिनांक 30 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अपने लैटर पैड पर कोटेशन/दर आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जो कि उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे आयोग क्रय/निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी।

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव

प्रतिलिपिः– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु** :–

1. वरिष्ठ निजी सचिव मा0 अध्यक्ष को मा0 अध्यक्ष के अवलोकनार्थ।
2. प्रोग्रामर, आई0टी0 को इस आशय से कि संलग्न कार्यालय सूचना आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. आयोग सूचना बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. गार्ड फाईल।

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव

1000-Quatation